


हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025






# अंतिम दिन दिखे प्रचार के अनोखे रंग: किसी ने मतदाताओं को रिझाने सड़कों में लगाई झाड़ू, नहा रहे बुजुर्ग को साबुन लगाया, कई रंगों के झंडों से पटा रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रचार का शोरगुल रविवार रात दस बजे थम गया है। कल मतदान होना है। ऐसे में प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस और भाजपा के अलावा सभी निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी पूरी ताकत झोंक दी। आलम यह रहा कि प्रचार के अनोखे रंग देखने को मिले। किसी निर्दलीय प्रत्याशी ने मतदाताओं को रिझाने के लिए सड़कों पर झाड़ू लगाई तो कोई नहा रहे बुजुर्ग को साबुन लगाने लगा। इसके अलावा गली-मोहल्लों में लाल-नीले और पीले झंडों के साथ रैलियां भी निकाली गई।

निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा रैली निकाले जाने से रविवार को दिनभर धूम-धड़ाका जैसा माहौल रहा। शहर के अधिकांश वार्ड में रैलियां देखने को मिली। गाजे-बाजे के साथ ही लोगों से जनसपंर्क भी प्रत्याशी करते रहे। ज्ञात हो कि राजनांदगांव शहर के 51 वार्ड में 176 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। वहीं महापौर के लिए 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इधर आज भी दिनभर प्रत्याशी डोर-टू-डोर जनसंपर्क करते नजर आएंगे। हालांकि किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस या रैली नहीं निकाली जा सकेगी।

### छत्तीसगढ़ बाजों की भी झलक

प्रचार के अंतिम दिन रैलियों में स्थानीय कलाकारों की भी मौजूदगी देखने को मिली। छत्तीसगढ़ी नाचा, बाजा के साथ प्रत्याशियों ने रैली निकालकर प्रचार किया। इसके अलावा अधिकांश वार्ड में निकली रैलियों में पुरूष से अधिक महिलाओं की मौजूदगी देखने को मिली।





**देर रात तक चला प्रचार :** रविवार की रात दस बजे तक प्रचार की अनुमति थी। ऐसे में प्रत्याशियों ने भी समय का भरपूर उपयोग किया और रात तक रैलियों का दौर जारी रहा। रात में कई वार्डों में भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इसके साथ ही मतदाताओं को रिझाने के लिए चुनावी गानों की भी धुन शहरभर में सुनाई देती रही।

## मधु ने किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क, मांगा समर्थन



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। एक दिन में वह लगभग सात-आठ वार्डों का दौरा कर भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों और स्वयं के लिए जन समर्थन मांग रहे हैं। वहीं अब तक अपने प्रचार के दौरान उन्होंने 51 वार्ड में पहुंचकर जनता से सीधे रूबरू हुए हैं। चुनावी शोर थमने के अंतिम दिन भी। भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने शहर के लगभग आधा दर्जन वार्डों में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा है। वार्डों में जनसंपर्क के दौरान महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने शहर विकास को लेकर जनता को भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बाद राजनांदगांव में भारतीय जनता पार्टी को जिताकर जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी, जिससे शहर का चौमुखी विकास होगा। उन्होंने पिछले 5 साल में शहर के रुके विकास को गति देने की बात भी कही है।

## कांग्रेस ने जन आशीर्वाद यात्रा में दिखाई ताकत



**राजनांदगांव।** कांग्रेस ने प्रचार का शोर थमने के अंतिम दिन अपनी जन आशीर्वाद यात्रा में शक्ति प्रदर्शन करते ताकत दिखाई है। इस यात्रा में सैकड़ों लोगों की भीड़ नजर आई। कांग्रेस की जन आशीर्वाद यात्रा शहर के जयस्तंभ चौक से निकलकर मानव मंदिर चौक, शनि मंदिर रोड, भारत माता चौक से रामधीन मार्ग होते हुए गंज चौक, सदर लाइन से दुर्गा चौक और वापस जयस्तंभ चौक पहुंचकर संपन्न हुई। चुनावी शोरगुल थमने से पहले कांग्रेस की इस जन आशीर्वाद रैली में कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन, शाहिद खान, श्रीकिशन खंडेलवाल, हेमा देशमुख, मेहुल मारू सहित अन्य नेता शामिल हुए। जनता से मांगा जीत का आशीर्वाद कांग्रेस की जन आशीर्वाद रैली की अगवानी में चार घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं रैली में आई भीड़ के जरिये कांग्रेस ने अपना शक्ति प्रदर्शन करते मतदाताओं को कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने के लिए आकर्षित किया। इस दौरान लोगों से मिलकर अपने लिए समर्थन भी प्रत्याशी ने मांगा।

# ठगी के लिए उपलब्ध कराया खाते, 12 गिरफ्तार ढाई करोड़ का संदेहास्पद ट्रांजेक्शन भी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सायबर अपराधों में उपयोग किए गए म्यूल बैंक खाताधारकों एवं सप्लायर के विरूद्व राजनांदगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मिशन सायबर सुरक्षा के तहत थाना घुमका और साइबर सेल राजनांदगांव की टीम ने घुमका स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा के 11 बैंक खातों में साइबर ठगी के माध्यम से 958718 रुपए ठगी की रकम प्राप्त की गई थी। इस मामले में ठगी के लिए खाता उपलब्ध कराने वाले पांच और म्यूल बैंक खाताधारक पांच को गिरफ्तार किया गया है। इन खातों से 2.37 करोड़ रुपए के संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की जानकारी भी मिली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना घुमका क्षेत्रांतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा घुमका स्थित कुल 11 बैंक खातों जिनका उपयोग विभिन्न साइबर अपराधों में प्रयोग किया गया है, उनको चिन्हांकित कर उक्त खाता धारकों एवं खाता को सप्लाई करने वालों के विरूद्ध थाना घुमका में अपराध क्रमांक 11/2025, धारा 317(2), 317(4), 317 (5), 111 (3) (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में संयुक्त टीम गठित कर सर्वप्रथम 8 फरवरी को आरोपियो से पूछताछ की गई। प्रकरण में शेष अन्य 4 खाताधारक एवं संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।



**यह आरोपी शामिल :** आरोपियों में घुमका के जयप्रकाश वर्मा पिता रूपेन्द्र वर्मा 28 वर्ष निवासी बरबसपुर थाना घुमका, टिकेन्द्र कुमार पिता राजकुमार सिंघारे 20 वर्ष निवासी सलौनी थाना घुमका, मानस पटेल पिता सुरेन्द्र पटेल 19 वर्ष निवासी सलौनी थाना घुमका, इंद्रकुमार वर्मा पिता सेवकराम वर्मा 27 वर्ष निवासी सलौनी थाना घुमका, देवव्रत निषाद पिता दीपचंद निषाद 27 वर्ष सा. सिंगारघाट थाना खैरागढ़ जिला केसीजी, संजय कुमार साहू पिता सुदर्शन साहू 25 वर्ष सा. खुर्सीपार गौतम नगर वार्ड नं. 42 गली नं. 05 शिव मंदिर के पास थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग, मंगलम सोनी पिता श्यामनारायण सोनी 20 वर्ष सा. खुर्सीपार बालाजी नगर वार्ड नं. 44 रामजानकी मंदिर के पास थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग, सद्दाम खान पिता जहॉगीर खान 33 वर्ष निवासी हरडुवा थाना घुमका, मोसीम खान पिता जहीर खान 25 वर्ष निवासी हरडुवा थाना घुमका, सेवंत वर्मा पिता कन्हैयालाल वर्मा 24 वर्ष निवासी बहेराभांठा थाना घुमका, देवेन्द्र दास मानिकपुरी उर्फ सोनू पिता केजूदास मानिकपुरी 24 वर्ष सा. शारदापारा केम्प 2 कैलाश चौक वार्ड नं. 32 आसु साइकिल स्टोर्स के सामने भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग, विशाल कुमार सोना पिता राजू कुमार सोना 24 वर्ष सा. पावर हाऊस नंदनी रोड़ सपना टाकीज के पीछे भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग हाल कुम्हारी शामिल हैं।

### ऐसे पकड़े गए आरोपी

पूछताछ के दौरान खाताधारक जयप्रकाश वर्मा द्वारा अपने बैंक खाता को कमीशन में देवव्रत निषाद उर्फ देवा को देना बताया गया। इस आधार पर देवव्रत को हिरासत में लिया गया। अन्य खाताधारक इंद्रकुमार वर्मा, टिकेन्द्र कुमार संघारे और मानस पटेल द्वारा पूछताछ में अपना-अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक और रजिस्टर्ड सिम को संजय कुमार साहू को देना बताया गया। आरोपी संजय को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर वह उक्त बैंक खातों को मंगलम सोनी को देना बताया। मंगलम सोनी से पूछताछ में उसने खाता विशाल कुमार सोना निवासी नंदनी रोड भिलाई को देना बताया था।

### उत्तरप्रदेश के व्यक्ति को दिया खाता

आरोपी विशाल द्वारा इंद्रकुमार वर्मा, टिकेन्द्र कुमार संघारे और मानस पटेल के उक्त बैंक खातों को उत्तरप्रदेश के किसी व्यक्ति को देना बताया है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। इसके अलावा खाताधारक सेवंत वर्मा द्वारा अपने बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक और रजिस्टर्ड सिम को देवेन्द्र दास मानिकपुरी उर्फ सोनू निवासी कैम्प 2 भिलाई के पास पेसे में बेचना बताया, तब देवेन्द्र दास मानिकपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर संवंत वर्मा के बैंक खाता को किसी उत्तरप्रदेश निवासी के पास कमीशन में देना बताया है। जिसके बारे में पता तलाश की जा रही है। खाताधारक सद्दाम खान और मोहसीन खान दोनों निवासी हरडुआ ने पूछताछ पर अपने बैंक खातों को टेलीग्राम के माध्यम से परिचित किसी भिलाई के युवक को पैसे में बेचना बताया। जिसके संबंध में पतासाजी की जा रही है।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत चिखली पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस सक्रिय है। जिसके तहत अवैध शराब बिक्री, असामाजिकतत्व, गुंडा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई अभियान के तहत 8 फरवरी की रात चिखली पुलिस ने बाजार चौक ग्राम बोरी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखे आरोपी आकाश उर्फ कोको यादव 24 साल को पकड़कर उसके कब्जे से 20 पौवा जम्मू स्पेशल शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा जिलेभर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। आए दिन पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, आज केंद्रों में रवाना होगी पोलिंग पार्टियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर रविवार की शाम पुलिस विभाग ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस महकमे के आला अफसरों की उपस्थिति रही।

वहीं कल सोमवार को मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगी। सभी पोलिंग बूथ में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए जा चुके हैं। पोलिंग पार्टियों को बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी से रवाना किया जाएगा। ज्ञात हो कि नगरीय निकाय में ईवीएम के जरिये मतदान कराया जाना है। शहर के सभी 155 बूथ में दो-दो ईवीएम मशीनें लगाई जाएगी।



### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

फ्लैग मार्च में कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एसडीएम खेमलाल वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक के साथ थाना, चौकी का पुलिस बल एवं रक्षित केन्द्र का पुलिस बल शामिल हुए। फ्लैग मार्च महावीर चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से गुजरी एवं निर्भिक होकर मतदान का प्रयोग करने लोगों से अपील की।

### प्रथम में 4567, द्वितीय पाली में 4497 हुए शामिल

# पीएससी की परीक्षा में पूछा गया, डोंगरगढ़ में किस योजना के तहत हो रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएससी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा का आयोजन 9 फरवरी को किया गया। जिले के 16 केंद्रों में इस परीक्षा में 4567 परीक्षार्थी शामिल रहे। वहीं 1849 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में डोंगरगढ़ में किस योजना के तहत विकास कराया जा रहा है, इसको लेकर प्रश्न पूछा गया। इसके साथ ही - जैसे प्रश्न भी शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 9 फरवरी को आयोजित पीएससी की लिखित परीक्षा जिले के 16 परीक्षा केन्द्रों में हो गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय, श्री गुरूनानक उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र में पहुंचकर परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 1849 रहे अनुपस्थित

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अमीय श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए जिला मुख्यालय में 16 परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। आयोजित परीक्षा अंतर्गत प्रथम पाली के कुल 6346 परीक्षार्थियों में से 4567 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 1779 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में 4497 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1849 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मार्च 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 मार्च से 31 मार्च तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 15 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV

सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

**खबर संक्षेप**

## दिल्ली की जीत लोगों के विश्वास का प्रतीक



**डोंगरगांव।** दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा नेत्री हिना जैन ने कहा है कि जनता ने 10 साल में फैली गंदगी को झाडू लगाकर साफ कर दिया हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में जीत से साफ हो गया कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा जनता के विश्वास का प्रतीक है। दिल्ली की जनता ने 10 साल तक आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया किन्तु वह जनता की उम्मीदों को पूरा करने में नाकाम रही है। दिल्ली के लोगों ने अपनी पुरानी भूलों को सुधारते हुए भाजपा पर भरोसा जताते हुए विकास के लिए मतदान किया जिसके लिए वह साधुवाद के पात्र हैं।

## श्रद्धा से मनाया सरस्वती देवी का प्राकट्य दिवस



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के रासेयो इकाई एवं बेस्ट प्रैक्टिस सेल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में बसंत पंचमी संचालक डॉ. मनीष जैन के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ.रचना पांडे की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में माता सरस्वती का विधि-विधान से पूजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि कार्यक्रम का शुभारंभ में माता सरस्वती की पूजन एवं हवन किया गया। जिसमें वैदिक मंत्रों के साथ अबीर, चंदन एवं मौसमी फूलों से माता का श्रृंगार किया गया। सभी को ज्ञान बुद्धि प्रदान करने की कामना की गई। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि कॉलेज में प्रतिवर्ष की तरह इस उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यार्थी और शिक्षक पीले रंग के वस्त्र धारण कर माता को स्मरण किया। सभी की स्वास्थ्य व बुद्धि की कामना की गई। विभागाध्यक्ष प्रति इंदौरकर ने कहा कि सभी ने मिलकर मां सरस्वती का स्मरण कर विद्या एवं बुद्धि प्रदान करने हेतु कामना की। डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में मां सरस्वती की पूजा विद्या, कला और ज्ञान का वरदान देगी। ऐसा कहा जाता है कि माता सरस्वती ने ब्रह्माजी की आज्ञा से लोगों को ध्वनि प्रदान की। जिससे लोग आपस में बातचीत कर सके, अपनी भाव और एक-दूसरे की तकलीफ को समझ सके, इसलिए आज हम सभी मां सरस्वती को पूज रहे हैं। बसंत पंचमी उत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण की उपस्थिति में प्रसाद का वितरण किया गया।

### अब डोर-टू-डोर संपर्क करेंगे प्रत्याशी, नगरीय निकाय संस्थाओं के लिए मतदान होगा 11 को

# भाजपा-कांग्रेस ने निकाली रैली, शोर थमने के पहले निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आगामी 11 फरवरी को होने वाले निकाय चुनाव के प्रचार को आज अंतिम दिन था। शोर पर विराम लगने के पहले रैली और सभा के माध्यम से भाजपा- कांग्रेस ने मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया तो निर्दलीय उम्मीदवारों ने अप्रत्याशित शक्ति प्रदर्शन कर राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दिया है।

स्थानीय नगर पंचायत के लिए होने वाले चुनाव में उतरे अभ्यर्थियों ने चिन्ह आबंटन के बाद से जनसंपर्क करना शुरू कर दिया था। उम्मीदवारों ने प्रचार के लिए पोस्टर बैनर आदि का उपयोग तो किया साथ लोक कलाकारों के माध्यम से मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाने का भी प्रयास किया। डोर टू डोर संपर्क करने में भी प्रत्याशियों ने कोई कसर नहीं छोड़ा।

## कांग्रेस ने निकाला रैली, भाजपा की हुई सभा

प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के उम्मीदवारों ने अपने अपने वार्डों से रैली निकालकर पुराने बस स्टैंड पहुंचे। यहां सभा का आयोजन किया गया। सभा में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, दीना पटेल,डिकेश साहू, लोकेश यदु, योगेश पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि शामिल हुए। वहीं लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने मैदान में आए कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विधायक दलेश्वर साहू, जयश्री साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, उपाध्यक्ष बीरेन्द्र बोरकर आदि के नेतृत्व में रैली निकालकर शहर भ्रमण किया और मतदाताओं से समर्थन मांगा। चुनावी शोर थमने के पहले शहर में दिनभर सरगर्मी रही। कल सोमवार को अध्यक्ष और पार्षद पद के उम्मीदवार डोर टू डोर संपर्क कर मतदाताओं पर डोरे डालने का प्रयास करेंगे।





### निर्दलियों ने दिखाई ताकत

चुनावी शोर पर विराम लगने के पहले निर्दलीय पिंकी लोढा ने अप्रत्याशित रूप से विशाल रैली निकाल कर सबको हैरान कर दिया साथ ही लोगों के हुजुम को देखकर नेताओं के माथे पर पसीना आ गया। इसके पहले भाजपा की बागी सरिता ढीमर भी रैली निकालकर अपनी ताकत दिखा चुकी है। वहीं वार्ड सात से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे सिद्दीक बड़गुजर भी शहर में रैली निकालकर अपना जलव दिखा चुके है।वार्ड 10 के निर्दलीय उम्मीदवार राकेश राजा देवांगन भी शुरू से जमकर धमाल मचाए हुए है।

### निकाय चुनाव शबाब पर, मुद्दे गायब

**डोंगरगढ़।** स्थानीय नगर पालिका का चुनाव अब अंतिम चरण पर पहुंच गया है। चुनाव में कांग्रेस, भाजपा के प्रत्याशी मैदान में हैं वहीं अध्यक्ष सहित कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कई वार्डों में दो से अधिक उम्मीदवार मैदान में है तो कुछ जगह सीधा मुकाबला है। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के बागी मुकेश रामटेके भी ताल ठोक रहे हैं। जानकारी के अनुसार शहर के 24 वार्डों में 76 प्रत्याशी मैदान में हैं। चारों ओर चुनावी प्रचार का शोर सुनाई दे रहा है। राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की जीत के मोर्चा संभाले रखा। पूर्व विधायक रामजी भारती ने विभिन्न वार्डों में छोटी-छोटी सभा लिया तो विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने भी विभिन्न वार्डों में सभा को संबोधित किया।

## देवेन्द्र साहू ने घर-घर जाकर मांगा समर्थन



**डोंगरगढ़।** नवगठित लाल बहादुर नगर पंचायत में भाजपा से अध्यक्ष के पद के प्रत्याशी देवेन्द्र साहू सहित 15 पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, चुनाव प्रभारी सुनील जैन चीकू एवं मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे के नेतृत्व में जनसंपर्क यात्रा निकाली गई। सभी प्रत्याशियों के साथ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं की टीम ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलकर भाजपा की सरकार बनाने की अपील किया। जनसंपर्क यात्रा में अशोक, सखाराम यादव, नोबल साहू, सोमनारायण साहू, संतोष यादव, पवन यादव, रमेश यादव, मोरध्वज साहू, जीवन साहू, घनश्याम वैष्णव, हेमलला वर्मा, राजेश देवांगन, पुष्पलता वैष्णव, पुष्पा सिन्हा, मधु साहू, रेखा साहू, द्वारिका साहू, चंदू साहू, रामजी साहू, राजकुमार साहू, संतु साहू, बंटी साहू, मंगलू साहू, खेदू साहू, पुराणिक साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दीपाली ने डोर-टू-डोर किया संपर्क

**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 12 नरसिंग वार्ड की कांग्रेस प्रत्याशी दीपाली हरीश भंडारी के पक्ष में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। उन्होंने मतदाताओं से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस वार्ड में भंडारी परिवार का दबदबा रहा है। इस मौके पर गीता ग्वाला, भूमिका दीवान, लक्ष्मी सोनी, जमिला बेगम, जामबाई, गुड्डी ग्वाला, सीमा श्रीवास्तव, सूरजबाई, पवनबाई, पूजा कन्नौजिया, मंजूलता श्रीवास्तव, बिंदूबाई, बतसिया बाई, पार्वती कन्नौजिया, शकीना बेगम, रईसा बेगम, दुलारी बाई, बीनाबाई, रामु रजक आदि उपस्थित थे।



## शीतल ने विकास के लिए मांगा वोट सांसद ने सभा को किया संबोधित



**छुईखदान।** चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सांसद संतोष पाण्डे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जो वादा करती है उसे पूरा करती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीते दिनों नगर विकास के लिए करोड़ रुपए की स्वीकृति दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी शीतल नवनीत जैन की जीत के बाद विकास में कोई कमी नहीं आएगी।

### नगर भ्रमण कर किया प्रचार

अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी शीतल नवनीत जैन के पंद्रह वार्ड के प्रत्याशियों के साथ रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए नगर वासियों से सहयोग मांगा। इस दौरान विक्रांतसिंह, घम्मन साहू, प्रेमनारायण चंद्राकर, अरविंद शर्मा, गिरीश शर्मा, कृष्णकांत महोबिया, नवनीत जैन, गोलू जैन, राजकुमार जंघेल सहित सैकड़ों में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राजा नहीं सेवक चुनें : शीतल

उक्त मौके पर अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी शीतल नवनीत जैन ने कहा कि नगर के विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित है। यहां की बेटी, भांजी और बहू होने के नाते मैं शहर की हर बस्ती, मोहल्ले से परिचित हूं। उन्होंने लोगों से कहा कि मैं बेटी के रूप में आपके सामने खड़ी हूं। मुझे एक मौका दीजिए मैं विकास कभी पीछे नहीं रहूंगी। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस दबाव की राजनीति कर रही है। जिसे शहर की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

## अंतिम दिन भाजपा व कांग्रेस ने दिखाया दम





**गंडई पंडरिय।** लगातार चुनावी सरगर्मी के बाद रविवार शाम को 5 बजे चुनाव प्रचार सहित अन्य गतिविधियों में विराम लग गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा, कांग्रेस और आप पार्टी ने जमकर दम दिखाया। प्रचार के अंतिम दिन दोनों ही पार्टियों में मंत्रियों, सांसद और कद्दावर नेताओ का गंडई आगमन हुआ। कांग्रेस के पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे तो भाजपा के पक्ष में सांसद संतोष पांडे ने सभा लिया। दोनों ही पार्टी ने अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से दम दिखाया।

# तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव का आगाज कल सोमवार को मां नर्मदा की पूजा के साथ होगा। शुभारंभ के मौके पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि दीप प्रज्जवलित करेंगे। नर्मदा मंदिर एवं मेला स्थल अगले तीन दिन तक दर्शनार्थियों से गुलजार रहेगा। नर्मदा मंदिर सहित अन्य मंदिर, मेला परिसर, कार्यक्रम स्थल लोगों के लिए सजकर तैयार है। जगह जगह बेरिकेट्स लगाकर भीड़ को नियंत्रित करने का इंतजाम किया गया है। माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओ के स्नान करने पर्याप्त व्यवस्था किया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखकर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है।

### उमड़ेंगे श्रद्धालु

गौरतलब है कि प्राचीन समय से माघ पूर्णिमा के अवसर पर यहां पुन्नी मेला का आयोजन होते आ रहा है। बीते डेढ़ दशक से इस मेला को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कल सोमवार से आगामी बुधवार तक नर्मदा में दर्शनार्थियों का रेला रहेगा जिन्हे पर्याप्त सुविधा मुहैय्या कराने प्रशासन जुटा है। राजनांदगांव कवर्धा मार्ग पर यातायात के दबाव को देखते हुए ट्रैफिक जवानों की तैनाती किया गया है। कल से दर्शनार्थी माता रानी का दर्शन एवं कुंड स्नान के अलावा मेला का लुफ्त उठाएंगे। महोत्सव के पहले दिन मया के डोरी काचरी के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

# यूनीसेफ की टीम ने गांव के स्कूलों की व्यवस्था देखी



**अर्जुनी।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष की टीम ने गत दिनों पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को जीवन कौशल पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया है। प्रधान पाठक कमला सिन्हा ने यूनिसेफ की शिक्षा विशेषज्ञ छाया कुंवर, निशांत सिन्हा, विकास भदोरिया, मास्टर ट्रेनर श्वेता श्रीवास्तव को बताया कि प्रत्येक शनिवार को जीवन कौशल से संबंधित कामिक्स को टीवी पर दिखाया जाता है। बालक बालिकाओं में किसी प्रकार का भेद नहीं किया जाता है। शाला में स्वच्छता, खेलकूद, बागवानी एवं बाल कैबिनेट के कार्य में सभी को समान अवसर दिया जाता है। माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से माताओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सामुदायिक सहभागिता से बच्चों को टेक्निकल शिक्षा दी जा रही है, इस कार्य में शिक्षक एनडी देशलहरे, दुष्यंत साहू, अजय साहू सहयोग देते हैं।

### बच्चों ने दिया सटीक जवाब

शिक्षा विशेषज्ञ छाया कुंवर ने विद्यार्थियों से विभिन्न सवाल किए। शाला के छैलेन्द्र, पुष्पांजलि पटेल, अमन पटेल ने सवालों के सटीक जवाब दिया। बच्चों के हाजिर जवाब से यूनिसेफ की टीम बहुत खुश हुई। श्रीमती कुंवर ने धावक पीटी उषा का उदाहरण देकर बच्चों को गुणों को तराशने प्रेरित किया।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

# अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया नशामुक्ति की शपथ

**मोहला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ लिया। अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले ने जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाया। शपथ लिया गया कि मुझे ज्ञात है कि नशापान से मानसिक असंतुलन की स्थिति बनती है और आत्मविश्वास कम हो जाता है। नशापान से कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है। जिससे जीवन में भटकाव की स्थिति निर्मित होती है। नशापान से शारीरिक एवं मानसिक गंभीर व्याधियां होती है। जिससे असमय मृत्यु हो सकती है। नशापान से सामाजिक प्रतिष्ठा कम होती है तथा समाज से प्रायः अपेक्षा मिलती है। जिससे जीवन कष्टप्रद हो जाता है। नशापान से पारिवारिक सुख एवं समृद्धि का अंत होता है। जिससे मनुष्य विचलित होकर संकटमय जीवन व्यतीत करता है। नशापान से वातावरण प्रदूषित होता है। जिससे हमारे परिवार के बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं, जो सभ्य समाज के लिए लज्जाजनक है। नशापान उच्च स्तरीय जीवन शैली का प्रतीक नहीं है। अपितु अज्ञानता में लिया गया निर्णय है। संकल्प लिया गया कि नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने, अपने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर, यथासंभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर, उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करूंगा तथा मैं आजीवन नशामुक्त रहूंगा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## महापौर प्रत्याशी मधु ने आज शहर के वार्डों में धुंआधार जनसंपर्क किया

# शहर विकास के साथ आम लोगों को दी जाएगी अनेक सुविधाएं : मधुसूदन

## घर-घर जाकर लोगों से किया संपर्क, मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने अपने प्रचार अभियान के आखिरी दिन वार्डों व मोहल्लों का व्यापक दौरा किया। इस दौरे के साथ श्री यादव अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी हिस्सों में जाकर कार्यकर्ताओं, नागरिकों, आम लोगों से भेंट-मुलाकात कर विकास की अपनी योजनाओं को समझाया और बताया कि विश्वसनीयता के साथ विकास की राजनीति उनके सामाजिक जीवन का एक आधार स्तंभ है। वे पहले भी लाखों आम जनता का भरोसा जीत चुके हैं। इसी भरोसे व विश्वास के साथ फिर से शहर विकास का बीड़ा उठाने का आम लोगों के बीच अपनी बात रख रहे हैं। जनता उन्हें विश्वास के साथ निर्वाचित करें। उन्होंने विश्वासघात की राजनीति पहले भी न कभी किया है और न ही आगे करेंगे। वे अपने ऊपर व्याप्त भरोसे को बरकरार रखेंगे।

### होगा सुविधाओं में इजाफा

श्री यादव ने कहा कि निगम की सेवाओं का लाभ उठा रहे सभी नागरिकों के लिए यूजर चार्ज (उपभोक्ता शुल्क) का सरलीकरण किया जाएगा। प्रत्येक घरों में कचरा संग्रहण के लिए मुफ्त बाल्टी दी जाएगी। इतना ही नहीं रात्रि में भी साफ-सफाई की व्यवस्था भी होगी तथा कचरा संग्रहण की देख-रेख के लिए आधुनिक प्रणाली को लागू किया जाएगा।



### महारैली में हुए शामिल

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार 8 फरवरी को श्री यादव ने वार्ड नं. 44 कौरिनभाठा तथा वार्ड नं. 45 रामकृष्ण नगर वार्ड, सृष्टि कॉलोनी में जनसंपर्क किया, फिर वे पार्टी द्वारा निकाली गई महारैली में शामिल हुए। इसके पश्चात वे शाम वार्ड नं. 9 शंकरपुर वार्ड तथा वार्ड नं. 10 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में घर-घर जाकर संपर्क किया। इस दौरान अनेक स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते कहा कि युवाओं के लिए महापौर सम्मान निधि से यूपीएससी मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को एक लाख रुपए की सहायता निधि दी जाएगी, ताकि उन्हें यूपीएससी आगे की तैयारी में आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। इसी तरह व्यवासायिक केन्द्र की बुरी दशा को तत्काल कार्रवाई कर सुधारा जाएगा। बिजली, सड़क, पेयजल जैसी मौलिक सुविधाएं दी जाएगी।

### सेवा केन्द्र की स्थापना

श्री यादव ने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए मॉय सिटी मोबाइल एप्प लांच किया जाएगा। इसमें नगर निगम की संपूर्ण सीमाएं ऑनलाइन रहेगी। इसी के साथ प्रत्येक जोन में एक सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। जिससे निगम संबंधी समस्याओं के लिए नागरिकों को निगम के दफ्तर तक न आना पड़े। नल-जल व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात करते कहा कि पीने का पानी संग्रहण के लिए नई टंकियों का निर्माण होगा। एक महत्वपूर्ण घोषणा करते उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवेदनों का निराकरण तो होगा ही। साथ ही बिजली बिल एवं समेकित कर का भुगतान करने वाले नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास बनाने में प्राथमिकता दी जाएगी। श्री यादव ने आम नागरिकों से अपील की है कि विकास के नए दौर के लिए एक बार फिर कमल फूल की ट्रिपल इंजन सरकार शहर में स्थापित करें, ताकि जनसमस्याओं का समुचित निदान हो सके एवं शहर का सौंदर्यीकरण हो सकें।

# कंटेनर में कचरा, सुपरवाइजर पर आयुक्त ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त ने सुबह शहर में साफ-सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने तथा मलमा व गंदगी फैलाते पाए जाने पर जब्ती एवं जुर्माना की कार्रवाई कराई जा रही है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सहदेव नगर, कमला कॉलेज रोड व गंज मंडी में साफ-सफाई का निरीक्षण के दौरान बाबा फतेह सिंह हाल, सुमित बााजर के पीछे गंदगी पाई गई। गंदगी देख उनके द्वारा स्वच्छता टीम को कार्रवाई करने कहा गया। साथ ही पुष्पवाटिका के पास रखे कंटेनर में कचरा भरा पाया गया, जिस पर उनके द्वारा एसएलआरएम सेंटर के सुपरवाईजर पर नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने कमला कॉलेज रोड, सहदेव नगर रोड में साफ-सफाई देख हाजिरी रजिस्टर की जांच की। रोड एवं डिवाईडर के किनारे कचरा उठाने कहा गया। पुष्पवाटिका, चौपाटी के आसपास भी प्रतिदिन साफ-सफाई रखने कहा गया। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर की सुपरवाईजर से सेंटर को साफ रखने के अलावा कंटेनर में कचरा न भरकर गीला-सूखा अलग-अलग कर निप्टान करने कहा। उन्होंने कहा कि भविष्य में कचरा भरने पर कार्रवाई की जाएगी। उनके द्वारा गंज मंडी निरीक्षण कर मतगणना स्थल में साफ-सफाई, पेयजल आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने कहा।

### गंदगी फैलाने पर कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग का अमला के साथ आयुक्त विश्वकर्मा स्वयं सुमित बाजार एवं सिल्वर स्क्रीन पहुंच गंदगी फैलाने पर कार्रवाई की। आयुक्त ने कहा कि सुमित बाजार के पीछे कचरे का ढेर है, जिसे देखने पर लगता है कि बहुत दिनों से कचरा डाला जा रहा है, जो कि स्वच्छता का खुला उल्लंघन है। उन्होंने सिल्वर स्क्रीन व सुमित बाजार के संचालक से कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत साफ-सफाई रख कचरा सड़क या खुले में नहीं रखना है, इसके लिए सभी प्रतिष्ठानों व घरों में गीला व सूखा कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबिन रख कचरा संग्रहित कर स्वच्छता दीदीयों को देना है, किन्तु आपके द्वारा कचरा पीछे डाला गया है। जिससे गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि आप डस्टबिन का उपयोग करें और कचरा निगम की गाड़ी में डाले।

### स्वास्थ्य अमला करे कार्रवाई

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अमला से कहा है कि वैवाहिक एवं सार्वजनिक भवन आदि की समय-समय पर निरीक्षण करें और गंदगी फैलाने पर कार्रवाई करें। इसी प्रकार सड़क में गंदगी फैलाने व मलमा रखने पर भी मलमा मडप के तहत कार्रवाई करें।

# मोदी गारंटी और सुशासन के कारण ही भाजपा पर जनता का विश्वास : नीलू

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा लगातार निगम चुनाव अभियान के सघन जनसंपर्क में लगे हुए हैं, वे महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव और भाजपा पार्षदों के विजय सुनिश्चित करने के लिए वार्डो का दौरा कर रहे हैं और अपनी सभाओं में मोदी गारंटी पूरे होने के बाद अब अटल संकल्प पत्र को भाजपा पूरी तरह से धरातल में उतारेगी, इसका भरोसा लोगों को दे रहे हैं। वार्ड क्रमांक 24,26,37,38,39 एवं 42 की एक सभा में नीलू शर्मा ने सैकड़ों वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने मोदी गारंटी के तहत किसानों का बकाया 2 साल का धान का बोनस दिया, साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31सौ रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदी हो रही है, विष्णु देव सरकार ने कैबिनेट में निर्णय लिया था कि फरवरी के पहले पखवाड़े के भीतर सभी किसानों को उनकी उपज के भुगतान की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा ,जिस पर अमल करते हुए कल ही विष्णु देव साय सरकार ने 25.7 लाख किसानों के खाते में 52 हजार करोड़ रुपए अंतर की राशि के रूप में एकमुश्त ट्रांसफर किए हैं। शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मोदी गारंटी की सबसे बड़ी गारंटी को भाजपा ने पूरा किया है। नीलू शर्मा ने कहा कि भाजपा शासन लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्य



करती है। हम महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपए 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधे जमा कर रहे हैं। जिस योजना को कांग्रेस सरकार ने धोखे से महिला समूह से छीन लिया था उस रेडी टू ईट योजना वापस महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय भाजपा सरकार ने लिया व पांच जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह प्रारंभ भी हो गया है। महिलाओं को अपना स्वयं का स्थान मिले, इसलिए 200 महतारी सदन का कार्य प्रारंभ हो रहा है। नीलू शर्मा ने सभी वार्डों के मतदाताओं से भाजपा के पार्षदों एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया ताकि इस क्षेत्र का समुचित विकास हो सके।

### डिलापहरी में 14 से तीन दिवसीय कबीर सत्संग

**राजनांदगांव।** ग्राम डिलापहरी (छोटेपारा) में 14 से 16 फरवरी तक त्रि-दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन में मुख्य प्रवक्ता संत श्री रमाशंकर साहेब पूर्णिया बिहार प्रांत से पधारेंगे। इनके साथ ही परम पूज्य धर्माधिकारी संत श्री सत्येंद्र शास्त्री साहेब प्राचीन कबीर मठ नादिया डोंगरगांव और कबीर निर्गुण भजन गायक हुलास दास एवं रेखालाल लाऊत्रे, दिव्य अमर संदेश ग्रंथ मंडली बखत रेंगाकठेरा द्वारा अमृतमयी भजन का रसपान कराएंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तदुउपरांत भोजन प्रसादी ग्रहण व दोपहर समय 3 से शाम 5 बजे तक सत्संग भजन होगा। उक्त जानकारी योगदास साहू ने दी है।

## साइंस कॉलेज में दी यातायात सुरक्षा की जानकारी

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 7 फरवरी को रासेयो के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य है यातायात नियमों का पालन करें। पालन नहीं करने पर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मोटर साइकिल हमेशा हेलमेट लगाकर ही चलाएं, इससे सिर, आंख, होंठ, मुंह, कान, दांत की सुरक्षा होती है, जो शरीर का सबसे जरूरी भाग है। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही या असावधानी बहुत बड़ी परेशानी खड़ा कर सकता है। आए दिन लोग सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। गुणवंता खरे ने कहा कि निर्धारित सीमा में गाड़ी चलाएं, शराब पीकर न चलाएं, ज़ेब्रा क्रॉसिंग पर जरूर रूकें, सिग्नल नियमों का पालन करें, ओव्हर टेक न करें, तीन सवारी न चलें, गाड़ी का बीमा जरूर कराएं, नियमों का पालन न करने पर जुर्माना, लाइसेंस निलंबन या जेल हो सकती है, यातायात के संकेतों को समझे।

# अंतिम दिन प्रत्याशियों ने बाजे-गाजे के साथ प्रचार में झोंकी ताकत

### निर्दलीय उम्मीदवार राकेश ठाकुर दीया वाले बाबा ने दिखाई ताकत



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव नगर निगम महापौर का चुनाव रोचक होता हुआ दिख रहा है। भाजपा-कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टियों के बीच चुनाव मैदान में राजनादगांव में दीया वाले बाबा के नाम से मशहूर राकेश ठाकुर ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक दी है। बांसुरी चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में उतरे श्री ठाकुर का चुनाव प्रचार काफी जोरों पर है। आज प्रचार के आखरी दिन उन्होंने एक बड़ी रैली निकालकर चुनाव मैदान में अपना शक्ति दिखाया। उनकी रैली में बड़ी तादाद में उनके समर्थक मौजूद रहे। बगैर डीजे-धुमाल का शोर मचाए शांति से शहर की सड़कों व गलियों में लोगों से वोट अपील करते राकेश ठाकुर अपना ध्यान आकर्षित करते रहे। पेशे से सेल्स टैक्स, इनकम टैक्स अधिवक्ता राकेश ठाकुर शहर विकास के एक विजन को लेकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनका कहना है कि बीते तीस सालों से वे सेल्स टैक्स, इनकम टैक्स अधिवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। उनके पास नगर विकास के लिए किस तरह से वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जा सकते हैं, शासन से मिले फंड का किस तरह से सही तरीके से उपयोग किया जा सकता है, इसका पूरा रोड मैप उनके पास है।

### वर्षा शरद सिन्हा ने मांगा मतदाताओं से आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 25 सूर्यमुखी गुडाखू लाइन क्षेत्र में भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा वार्ड में सक्रिय रूप से घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं सुबह से देर शाम तक आशीर्वाद मांगा। नगर निगम चुनाव में वार्ड क्रमांक 25 सूर्यमुखी गुडाखू लाइन क्षेत्र से भाजपा की पार्षद प्रत्याशी श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा का लगातार प्रचार-प्रसार आज आखिरी दिन जारी रहा। इस दौरान भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही। प्रचार के अंतिम दिन बाजे-गाजे के साथ वार्ड में लगातार मतदाताओं से मिलने दिनभर सक्रियता बनी रही। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों द्वारा भी क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया गया।

### शैंकी का सघन जनसंपर्क, मतदाताओं से हुए रूबरू



**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 24 शीतला माता वार्ड जमातपारा क्षेत्र के भाजपा पार्षद प्रत्याशी शैंकी बग्गा वार्ड में मतदाताओं को रिझाने लगातार जनसंपर्क में है। आज आखिरी दिन वे लोगों से मुलाकात करने जुटे रहे। वार्ड क्रमांक 24 में भाजपा पार्षद प्रत्याशी शैंकी बग्गा लगातार जनसंपर्क जारी रखे हुए हैं। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बनी। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का सतत रूप से मतदाओं से मिलने का क्रम जारी है। उनके लिए पूर्व में महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने भी वार्ड में सघन संपर्क किया। बाजे-गाजे के साथ शैंकी सुबह से शाम तक वार्ड में लगातार मतदाताओं से मिलकर घर-घर दस्तक देकर चुनाव में आशीर्वाद मांग रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने भी उनके पक्ष में सभा और जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के लोगों की उपस्थिति रही। वार्ड में होर्डिंग्स, बैनर-पोस्टर व झंडों की भरमार है। आज आखिरी दिन बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनके पक्ष में जनसंपर्क किया।

### जैनम हो रहे मतदाताओं से रूबरू



**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 37 महावीर वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सुबह से देर शाम तक बाजे-गाजे के साथ जनसपंर्क किया और आशीर्वाद मांगा। शहर के महावीर वार्ड के युवा भाजपा पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद का वार्ड में तूफानी जनसंपर्क अभियान आज आखिरी दिन सुबह से देर शाम तक जारी है। घर-घर दस्तक देकर वे मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। सदर बाजार, आजाद चौक, गंज लाइन सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार उनकी सक्रियता बनी हुई है। पूर्व में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने उनके पक्ष में कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक लोगों की बैठक भी ली। भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता नीलू शर्मा ने भी घर-घर दस्तक देकर जैनम बैद का प्रचार-प्रसार किया। उक्त वार्ड में झंडा, बैनर-पोस्टर व पाम्प्लेट के माध्यम से भी मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### अरूण देवांगन ने दिया वार्ड में डोर-टू-डोर दस्तक



**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 50 सिंगदई से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी अरूण देवांगन का क्षेत्र में मतदाताओं के बीच जाकर आशीर्वाद लेने का क्रम जारी रहा। आज अंतिम दिन बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ वार्ड में रैली निकालकर वे घर-घर दस्तक देकर भी मतदाताओं को रिझाया। शहर के ग्रामीण वार्ड सिंगदई क्रमांक 50 के भाजपा के पार्षद प्रत्याशी अरूण देवांगन ने क्षेत्र में आज तूफानी भ्रमण किया। बाजे-गाजे और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने घर-घर में दस्तक देकर आशीर्वाद मांगा। कार्यकर्ताओं ने भी उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी की। श्री देवांगन के पक्ष में मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। श्री देवांगन बाजे-गाजे के साथ वार्ड के आबादीपारा, गणेश चौक, स्कूल चौक, बजरंग चौक, नलघर चौक सहित वार्ड के अन्य स्थानों पर सुबह से शाम तक मतदाताओं से सतत संपर्क किया। इस दौरान मतदाताओं से भी उन्हें बेहतर प्रतिसाद मिला। पूर्व में उनके पक्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी क्षेत्र में भ्रमण कर देवांगन के लिए मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। आज आखिरी दिन दिनभर वे लगातार मतदाताओं से संपर्क साधने जुटे रहे।

### निर्दलीय उम्मीदवार राजेश गुप्ता का बाजे-गाजे के साथ धुंआधार प्रचार



**राजनांदगांव।** शहर के नगर निगम चुनाव में महापौर पद हेतु निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राजेश गुप्ता (चम्पू) सीटी छाप चुनाव चिन्ह को लेकर मैदान में हैं। वे लगातार शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रहे हैं। प्रचार के अंतिम दिन महापौर पद के निर्दलीय उम्मीदवार राजेश गुप्ता (चम्पू) ने बाजे-गाजे एवं बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ शहर में रैली निकाली। इस दौरान वे सड़कों में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई करते हुए नजर आए। उन्होंने डोर-टू-डोर भी संपर्क कर चुनाव में अपने लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में उनके समर्थकों की उपस्थिति रही। वे अपने जनसंपर्क के दौरान शहर के मूलभूत समस्याओं को सामने रखकर उनका निराकरण करने का वादा भी मतदाताओं से किए।

### वार्ड 42 में अमृता का धुंआधार जनसंपर्क, मतदाताओं से मिली



**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड क्रमांक 42 में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा का क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान बना रहा। आज अंतिम दिन बाजे-गाजे के साथ बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उन्होने वार्ड में भ्रमण कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। राजीव नगर वार्ड क्रमांक 42 के भाजपा से पार्षद प्रत्याशी श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा का वार्ड में सघन जनसंपर्क किया जा रहा है। आज अंतिम दिन वे विभिन्न मुद्दों को जनता के सामने रखकर अपनी प्राथमिकताएं भी बताई। उन्होंने मूलभूत सुविधाओं के साथ ही वार्ड में प्रवेश द्वार बनाने, पानी , बिजली, पानी, साफ-सफाई सहित अन्य विकास के कार्य कराने का वायदा भी कर रही है। जनसंपर्क के दौरान वे घर-घर में दस्तक देकर मतदाताओं से रूबरू होकर आशीर्वाद मांग रही है। श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा का आज अंतिम दिन वार्ड में धुंआधार जनसंपर्क अभियान शाम तक जारी रहा। इस मौके पर बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों की उपस्थिति रही।

### माखीजा ने किया घर-घर जनसंपर्क



**राजनांदगांव।** शहर के गुरूगोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 23 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी राजा माखीजा का वार्ड में सघन जनसंपर्क जारी रहा। उनके पक्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी वार्ड में लगातार दौरा कर श्री माखीजा के लिए आशीर्वाद मांगा। वार्ड क्रमांक 23 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी राजा माखीजा के साथ उनके समर्थक एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं की टीम लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं। घर-घर दस्तक देकर श्री माखीजा अपने लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। आज भाजपा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने क्षेत्र में रैली निकाली। वार्ड में सुबह से लेकर देर शाम तक मतदाताओं से संपर्क करने के साथ ही सामाजिक बैठक कर अपने लिए आशीर्वाद मांगने जुटे रहे। वार्ड में उनके समर्थन में बैनर-पोस्टर एवं पाम्पलेट का भी माहौल बना हुआ है। श्री माखीजा प्रचार के अंतिम दिन वार्ड में मूलभुत सुविधाएं सहित विकास कार्य कराने का दावा करते भी नजर आए। जनसंपर्क एवं भेट मुलाकात के दौरान उन्हें मतदाताओं से बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी उनके समर्थन में जनसंपर्क किया।

# हिन्दी व तमिल भाषा में हुआ नाट्य मंचन

- संस्कृत कवि भास के मध्यम व्यायोग और रामासामी के नदपावादाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत रंग महोत्सव के चौथे दिन इंदिरा कला संगीत विवि के प्रेक्षागृह मे संस्कृत भाषा के प्रसिद्ध कवि भास द्वारा रचित मध्यम व्यायोग का नाट्य मंचन किया गया वहीं पांचवें दिन पुदुचेरी के प्रसिद्ध रंग निर्माता रामसामी एस द्वारा रचित नदपावादाई नाटक का मंचन किया गया।

मध्यम व्यायोग की प्रस्तुति हिन्दी भाषा में और नदपावादाई की प्रस्तुति तमिल भाषा में हुई। संस्कृत कवि भास द्वारा रचित मध्यम व्यायोग महाभारत के वन पर्व के एक प्रसंग का रचनात्मक पुनर्कथन है। यह घटोत्कच और उसके पिता भीम के बीच नाटकीय मुठभेड़ का वर्णन करता है जिसमें भाईचारा, बलिदान और योद्धा के कर्तव्य जैसे विषयों की खोज की गई है। यह नाटक शास्त्रीय और लोक नाट्य परंपराओं का एक सहज संयोजन है जिसमें लोक सगीत, नृत्य और शास्त्रीय नाटक के तत्व शामिल हैं। यह अनूठा मिश्रण भारतीय रंगमंच की विविधता को प्रदर्शित करते हुए एक जीवंत लेकिन गहन भावनात्मक कथा प्रदान करता है।

### नदपावादाई एक महिला के बारे में रंग

पुद्धुचेरी के प्रसिद्ध रंग निर्माता रामासामी एस द्वारा निर्मित नदपावादाई नाटक में एक महिला के बारे में रंग प्रस्तुति को दर्शाया गया है जो अपने गांव के लोगों का अंतिम संस्कार करती है जो पारंपरिक रूप से पुरुषों के लिए आरक्षित भूमिका है। उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देते हुए जो आमतौर पर महिलाओं को श्मशान से रोकते हैं, उसे अपने परिवार के पुरूष सदस्य की मृत्यु के बाद, इन अनुष्ठानों का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया है। नाटक इस पुरूष प्रधान मंडल में उसकी अनूठी स्वीकृति की जांच करता है और उसके जीवन के सामाजिक आर्थिक आयामों की पड़ताल करता है। अधिकार और करिश्मे के साथ वह पूर्ण सार्वजनिक दृश्य में अनुष्ठानों का नेतृत्व करती है, दूसरों को निर्देशित करती है और समारोहों को सशक्त प्रदर्शनों में बदल देती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


Departure Ex- Kathmandu
08 मई, 07 जून, 06 जुलाई, 25 जुलाई, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
कैलाश मानसरोवर यात्रा
सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशिः- 1 लाख 75 हजार प्रति श्रद्धालु
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## नगरी निकाय चुनाव: प्रत्याशियों के पक्ष में हुई सभाएं व रोड शो

# देर-रात से थमा चुनावी शोर गुल, आज से शुरू होगा डोर-टू-डोर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मंगलवार 11 फरवरी को मतदान होना है। इसके दो दिन पहले रविवार की देर रात चुनावी शोर गुल थम गया। इसके बाद पार्टी प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क करने लग गए है। इधर चुनाव कराने के लिए मतदान दलों को सोमवार को रवाना किया जाएगा। कबीरधाम जिले के दो नगर पालिका और 5 नगर पंचायतों में 11 फरवरी को मतदान होना है। इसको लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान शुरू होने से दो दिन पहले यानि 9 फरवरी की देर रात तक चुनावी शोर गुल पूरी तरह से थम सा गया है, इसके बाद 10 फरवरी को मतदान दलों को रवाना किया जाएगा और मंगलवार 11 फरवरी को मतदान होगा। ऐसे में प्रत्याशियों के पास चुनाव प्रचार के लिए एक दिन का समय ही शेष रह गया है।

### मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से बन्द रहेंगी मदिरा दुकानें



छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत नगरपालिकाओं हेतु मतदान 11 फरवरी के पूर्व 9 फरवरी की सायं 5 बजे से 11 फरवरी की मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना 15 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक मदिरा दुकानें बंद रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में नगर पालिकाओं हेतु मतदान 11 फरवरी के पूर्व 9 फरवरी को सायं 5 बजे से 11 फरवरी मतदान समाप्ति तक निर्वाचन क्षेत्र एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त मदिरा की फुटकर दुकानों देशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला मुख्यालय कबीरधाम समेत जिले के कवर्धा नगर पालिका, नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत सहसपुर लोहरा, नगर पंचायत पांडातराई, नगर पंचायत बोड़ला नगर पंचायत इंदौरी क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने सभाएं की और बड़े नेताओं के रोड शो भी हुए है। इसके अलावा स्थानीय नेताओं के साथ संगठन के पदाधिकारी भी लगातार मतदाताओं से मिल रहे है। चुनाव प्रचार थमने के बाद घर-घर संपर्क करके मतदाता पर्ची बांटने और मतदाताओं को रिझाने का काम हो रहा है।

# कवर्धा जनपद क्षेत्र क्रमांक 8 से गणेश तिवारी निर्विरोध निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा की राजनीति यूं तो बड़े-बड़े दिग्गजों का गढ़ रहा है तथा क्षेत्र चुनाव के समय और भी रोमांच से भरा होता हैं। राजनीति में परस्पर टकराव दबंगई रुतबे और अपने अपने भौकाल आम बात है, कवर्धा जनपद क्षेत्र क्रमांक 8 में एक अनोखी राजनीतिक समरसत्ता एकता देखने को मिली, यहां से गणेश तिवारी को जनपद सदस्य पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया, 5 चुनावी मैदान मे उतरे दिग्गजो द्वारा नामांकन वापस लेकर उन्हें लिखित समर्थन देना आश्चर्य आदर्श प्रस्तुत करता है तथा केवल क्षेत्रीय राजनीति में नही वरन प्रदेश की पंचायत राजनीति में भी खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। गणेश तिवारी जो क्षेत्र में सामाजिक कार्यों और जनसेवा के लिए जाने जाते हैं, जनपद पंचायत चुनाव में सभी मैदान मे उतरे लोगो द्वारा सामूहिक रूप से समर्थन पत्र देकर उनके पक्ष में अपनी सहमति प्रदान करना राजनीतिक समन्वय और समरसता का अनूठा संकेत देता है तथा विकास को गणेश तिवारी के हाथों सौपने को प्राथमिकता देना आपसी सौहाद्र की मिशाल। इस तरह की आपसी सहमति रजामंदी जैसे उदाहरण भारतीय राजनीति में कम ही देखने को मिलती है, जहां आमतौर पर चुनावी टकराव और राजनीतिक खींच-तान देखने को मिलती है।

सूत्रों के मुताबिक गणेश तिवारी की समाजसेवा, राजनीतिक अनुभव और जनसंपर्क की मजबूत पकड़ के साथ-साथ मिलनसार व्यक्तित्व के कारण प्रतिस्पर्धा का कोई औचित्य न समझकर सभी ने सहज भाव से नाम वापसी कर गणेश तिवारी को अपना समर्थन प्रदान किया। अपनी निर्विरोध जीत के बाद श्री तिवारी ने कहा यह जीत उनकी नहीं, वरन समस्त क्षेत्रवासी जनता की है। जिन्होंने उनका नाम आते ही सर्वसम्मति से उन्हें अपना नेता मुखिया चुना बिना किसी राजनीति मतदान प्रचार जैसे औपचारिकता को छोड़कर सभी के स्नेह समर्थन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा की उनका उद्देश्य जनपद क्षेत्र क्रमांक 8 को विकास के नए आयाम देना है और सभी के सहयोग से इसे एक आदर्श पंचायत क्षेत्र बनाना है। क्षेत्र क्रमांक 08 के देवतुल्य मतदाताओं ने गणेशपुरम स्थित उनके निवास श्रीमाता निलयम पहुंच कर गणेश तिवारी का स्वागत तिलक फुलमाले से किया गया।

## खबर संक्षेप

### यूनीसेफ की टीम ने गांव के स्कूलों की व्यवस्था देखी



अर्जुनी। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष की टीम ने गत दिनों पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को जीवन कौशल पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया है। प्रधान पाठक कमला सिन्हा ने यूनिसेफ की शिक्षा विशेषज्ञ छाया कुंवर, निशांत सिन्हा, विकास भदोरिया, मास्टर ट्रेनर श्वेता श्रीवास्तव को बताया कि प्रत्येक शनिवार को जीवन कौशल से संबंधित कामिक्स को टीवी पर दिखाया जाता है। बालक बालिकाओं में किसी प्रकार का भेद नहीं किया जाता है। शाला में स्वच्छता, खेलकूद, बागवानी एवं बाल कैबिनेट के कार्य में सभी को समान अवसर दिया जाता है। माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से माताओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सामुदायिक सहभागिता से बच्चों को टेक्निकल शिक्षा दी जा रही है, इस कार्य में शिक्षक एनडी देशलहरे, दुष्यंत साहू, अजय साहू सहयोग देते हैं।

# इंदौरी व पंडरिया में भाजपा प्रत्याशियों के रोड शो में विधायक भावना हुई शामिल

- श्रीमती बोहरा ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जनता संकल्पित है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरीय निकाय चुनाव के प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन रविवार को नगर पंचायत इंदौरी एवं नगर पालिका पंडरिया में भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों ने रोड शो के माध्यम से जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी रोड शो एवं जनसंपर्क कर प्रत्याशियों को समर्थन देने की अपील की और कहा कि जनसंपर्क और रोड शो में जनता से मिले अपार जनसमर्थन से हम क्षेत्रवासियों की आकांक्षाओं के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन से उनके जीवन स्तर को सुधारने एवं क्षेत्र की प्रगति के लिए अपने प्रयासों और कार्यों को निरंतर जारी रखेंगे। पंडरिया और इंदौरी नगर की जनता ने पिछले 1 वर्ष में भाजपा के सुशासन में हुए विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं का जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन होते हुए देखा है। इससे ही उनका विश्वास दृढ़ हुआ है कि भाजपा अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहती है।

श्रीमती बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत हमने पिछले 1 वर्षों में जो विकास कार्यों को गति दी, अपराधों पर अंकुश लगाया, अवैध



कारोबार पर रोक, योजनाओं का सफल क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी को समाप्त किया है इसके प्रति जनता में भी एक नया विश्वास जागा है और समृद्ध पंडरिया के संकल्पों को नया विश्वास मिला है। 5 वर्षों में कांग्रेस की अस्थिर नगर सरकार के राज में जिस तरह हमारे शहरों और नगरों में विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुए। अवैध कारोबार और अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया। लेकिन आज जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है।

### संकल्प पत्र में सड़क, बिजली, पानी व आवास जैसे मूलभूत सुविधाएं होंगी

विधायक ने कहा कि पंडरिया एवं इंदौरी के लिए अगले पांच वर्षों के विजन के बारे में बताते हुए कहा कि अटल संकल्प पत्र एवं पंडरिया नगर हेतु हमर संकल्प पत्र में किए अपने वादों को हम जन आशीर्वाद से अक्षरशः पूरा करेंगे। हमने संकल्प पत्र में सड़क, बिजली, पानी और आवास जैसे मूलभूत सुविधाओं के साथ ही युवाओं की शिक्षा, महिलाओं के सशक्तिकरण एवं रोजगार, नगरवासियों के बेहतर स्वास्थ्य, साफ-सफाई, उद्यान, बच्चों के लिए किड्स प्ले एरिया, सुरक्षा की दृष्टि से नगर में सीसी टीवी कैमरा, व्यापारियों के लिए व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, खिलाड़ियों के लिए सर्व-सुविधायुक्त मिनी स्टेडियम जैसे सर्वस्पर्शी एवं सर्व समावेशी संकल्प किये हैं और ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार बनते ही इन सभी संकल्पों को हम जरुर पूरा करेंगे।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया नशामुक्ति की शपथ

मोहला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ लिया। अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले ने जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाया। शपथ लिया गया कि मुझे ज्ञात है कि नशापान से मानसिक असंतुलन की स्थिति बनती है और आत्मविश्वास कम हो जाता है। नशापान से कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है। जिससे जीवन में भटकाव की स्थिति निर्मित होती है। नशापान से शारीरिक एवं मानसिक गंभीर व्याधियां होती है। जिससे असमय मृत्यु हो सकती है। नशापान से सामाजिक प्रतिष्ठा कम होती है तथा समाज से प्रायः अपेक्षा मिलती है। जिससे जीवन कष्टप्रद हो जाता है।

# तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶सड़क अतरिया

तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव का आगाज कल सोमवार को मां नर्मदा की पूजा के साथ होगा। शुभारंभ के मौके पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि दीप प्रज्जवलित करेंगे। नर्मदा मंदिर एवं मेला स्थल अगले तीन दिन तक दर्शनार्थियों से गुलजार रहेगा। नर्मदा मंदिर सहित अन्य मंदिर, मेला परिसर, कार्यक्रम स्थल लोगों के लिए सजकर तैयार है। जगह जगह बेरिकेट्स लगाकर भीड़ को नियंत्रित करने का इंतजाम किया गया है। माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओ के स्नान करने पर्याप्त व्यवस्था किया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखकर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है।

### उमड़ेंगे श्रद्धालु

गौरतलब है कि प्राचीन समय से माघ पूर्णिमा के अवसर पर यहां पुन्नी मेला का आयोजन होते आ रहा है। बीते डेढ़ दशक से इस मेला को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कल सोमवार से आगामी बुधवार तक नर्मदा में दर्शनार्थियों का रेला रहेगा जिन्हे पर्याप्त सुविधा मुहैय्या कराने प्रशासन जुटा है। राजनांदगांव कवर्धा मार्ग पर यातायात के दबाव को देखते हुए ट्रैफिक जवानों की तैनाती किया गया है। कल से दर्शनार्थी माता रानी का दर्शन एवं कुंड स्नान के अलावा मेला का लुफ्त उठाएंगे। महोत्सव के पहले दिन मया के डोरी काचरी के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

# भाजपा ने बागियों को किया निष्कासित, कांग्रेस में कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों की मुश्किलें अपने ही पार्टी के बागी नेताओं ने बढ़ा दी है। वार्ड पार्षद से लेकर अध्यक्ष के चुनाव में जहां दोनों दलों से कई उम्मीदवार निर्दलीय मैदान में उतरे है, तो जिला पंचायत में दोनों पार्टियों द्वारा अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ भी अपने ही दल के लोग मैदान में है। ऐसी स्थिति में भाजपा ने निकायों में बगावत करने वालों को निष्कासित कर दिया है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।



गौरतालब है कि जिले की 2 नगर पालिका और 5 नगर पंचायतों में अध्यक्ष व पार्षदों का चुनाव हो रहा है। इसके लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों ने अपने उम्मीदवार उतारे है। वहीं कई जगहों पर अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ उनके अपने ही पार्टी के लोग निर्दलीय मैदान में उतर गए है। खास करके वार्ड पार्षद के लिए बागियों के मैदान में उतरने से पार्टी प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ गई है। इधर नगर पालिका नगर पंचायतों में पार्टी के खिलाफ बागी होकर मैदान में उतरे है, उन्हें हालांकि पार्टी द्वारा निष्कासित कर दिया गया है। लेकिन इन जगहों पर अधिकृत प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ गई है। इसी प्रकार नगर पंचायतों में अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ उनके अपने ही दल के लोगों द्वारा निर्दलीय में होने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई है।



इधर जिला पंचायत में भी जिले के 14 में से आधे से अधिक जगहों पर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के अधिकृत उम्मीदवारों को अपने ही पार्टी के बागी मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों से परेशानी हो रही है। हालांकि नगरीय निकाय में बागी तेवर अपनाने वाले 19 लोगों को भाजपा ने बाहर का रास्ता दिखाया है, जबकि कांग्रेस में अभी कार्यवाही का इंतजार हो रहा है। इधर कई जगहों पर अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ उनके अपने ही पार्टी के लोग निर्दलीय मैदान में उतर गए है। खास करके वार्ड पार्षद के लिए बागियों के मैदान में उतरने से पार्टी प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ गई है। हालांकि नगरीय निकाय में बागी तेवर अपनाने वाले 19 लोगों को भाजपा ने बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

### कहीं सीधा तो कहीं त्रिकोणीय मुकाबला

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों में अधिकांश जगहों पर सीधा मुकाबला हो रहा है, जबकि कई जगहों पर निर्दलीय प्रत्याशियों के मजबूती के साथ मैदान में उत्तरने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जिला मुख्यालय कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है। इसी तरह नगर पालिका परिषद पंडरिया में भी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है, जबकि नगर पंचायत पांडातराई में कांग्रेस-भाजपा के साथ निर्दलीय प्रत्याशी की भी सशक्त उपस्थिति बताई जा रही है। इधर नगर पंचायत स लोहरा में भी कांग्रेस-भाजपा के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के बीच मुकाबले को त्रिकोणीय माना जा रहा है।

#### कर रहे कार्रवाई

निकायों में अधिकृत उम्मीदवार के विरूद्ध चुनाव लड़ने वालों को निष्कासित किया गया है। जिला पंचायत में ऐसे लोगों को अभी समझाईश दे रहे है।

**राजेन्द्र चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा**

#### भेजे हैं सूची

नगरीय निकाय में अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने वालों की सूची शीर्ष नेतृत्व को भेजी गई है। जिला पंचायत में भी ऐसी लोगों की सूची तैयार की जा रही है, कार्रवाई प्रदेश कांग्रेस कमेटी से होगी।

**होरीराम साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस**

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

नगर विकास के लिए राज्य के बाद नपा में भाजपा की सरकार जरूरी तभी विकास को मिलेगी तेज गतिः श्री शर्मा

# डिप्टी सीएम नगरी निकाय चुनाव शोर थमने से पहले कवर्धा में की सभाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नपा चुनाव के लिए प्रचार-प्रसार का शोर गुल थम गया। प्रचार प्रसार के लिए अंतिम दिवस पर स्थानीय विधायक एवं उप-उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश एवं पार्षदों के लिए वार्ड वार अनेक सभा एवं रैली में भाग लिए। विधायक के वार्ड आगमन पर जबरदस्त माहौल बना वार्डवासियों ने भव्य स्वागत किया। अनेक सभाओं में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अपील करते हुए श्रीर शर्मा ने कहा हम सब कवर्धा को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास रत है और पिछले एक वर्षो में छत्तीसगढ़ सरकार ने कवर्धा को कई बडी सौगात दिए है। विकास की गति निर्बाध बनी रहे इसके लिए पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार नगर पालिका में बने यह सब कवर्धा वासी भली भाती जानते है। उन्होंने कहा एक अच्छे सेवक के रूप में चंद्रप्रकाश कवर्धा के गली गली वार्ड वार्ड घूमकर परिश्रम करते आपको दिखेंगे यह मेरा विश्वास और ग्यारंटी भी है। उन्होंने कहा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में पूरा एक वर्ष चुनावी वर्ष ही होता है यह अंतिम चुनाव है इसके बाद सिर्फ विकास की ही बात होगी। साथ ही साथ आपके मूलभूत सुविधा बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका में आपकी सरकार भाजपा की सरकार होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### पेंड्रीकला में श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मेलन आज से

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु



श्रीराम चन्द्र जी की असीम कृपा से प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष ग्राम पेंड्रीकला में श्री अखण्ड नवधा रामायण कथा का आयोजन 10 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। जिसमें श्री अखण्ड नवधा मानस सम्मेलन आसपास क्षेत्र के मानस मंडली परिवार द्वारा भक्तजनो को श्री राजा रामचंद्र की मानस गायन प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं ग्राम आचार्य प शिवानंद तिवारी, पं महेंद्र तिवारी, पं. लवलेश शर्मा उपस्थित तथा श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मेलन में प्रथम पुरुस्कार 71 सौ रूपए, दूसरा पुरस्कार 51 सौ रुपए, तृतीय पुरुस्कार 31 सौ रुपए व चतुर्थ पुरुस्कार 11 सौ रुपए समिति द्वारा वितरित की जाएगी। श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मलेन में जय मां महामाया बोल बम समिति, आशुतोष मानस मंडली, आजाद एकता लक्ष्मी उत्सव समिति, बजरंग दल गणेशोत्सव समिति, जय मां काली कात्यायनी उत्सव समिति व लक्ष्मी युवा उत्सव समिति तथा युवा हिन्दू दल समिति एवं समस्त ग्रामवासी पेंड्रीकला के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न होगा।

### जिले में मतदान एवं मतगणना पर शुष्क दिवस घोषित

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के मतदान एवं मतगणना पर शुष्क दिवस घोषित किया है। नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम चुनाव 2025 के लिए जिले में प्रशासन ने विशेष आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार जिले में संचालित देशी मदिरा सीएस, विदेशी मदिरा एफएल, कम्पोजिट मदिरा सीएस की फुटकर दुकानों एवं मद्यभण्डारण भाण्डागार कवर्धा बार को नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन 2025 में बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समयावधि में सभी अपने प्रभार क्षेत्र में संचालित देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं मद्य भण्डारण भाण्डागार कवर्धा तथा एफएल पर्यटन बार सरोधादादर चिल्फी को सील बंद कर उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### जिले में मतदान के लिए श्रमिकों को मिलेगा अवकाश

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में होने जा रहे नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए श्रमिकों को मतदान करने की सुविधा मिलेगी। प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। श्रम विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा आज एक आदेश जारी कर 11 फरवरी मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव जिसमें महापौर, अध्यक्ष, पार्षदों के लिए निर्वाचन होना है। इसी तरह 17 फरवरी 20 फरवरी एवं 23 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन तिथि निर्धारित है।

## निर्वाचन: जिले के 7 आदर्श मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था

# मतदान दल आज होंगे रवाना 11 फरवरी को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 11 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिले में सफलतापूर्वक मतदान सुनिश्चित करने 10 फरवरी को प्रातः 7 बजे से मतदान सामग्री का वितरण पीजी कॉलेज कवर्धा स्थित स्ट्रांग रूम से किया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा और मतदान दल को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा।

मतदान सामग्री तथा मतदान दल में लगे अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए मतदान 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जिले के 7 नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसमें दो नगर पालिका कवर्धा और पंडरिया तथा 5 नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 7 आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। नगर पालिका कवर्धा के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 13 गंगा नगर प्राथमिक शाला, कक्ष क्रमांक 1 और मतदान केंद्र क्रमांक 50 शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक शाला नवीन भवन, कक्ष क्रमांक 02 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 18 शासकीय प्राथमिक रघुराज कन्या शाला, नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 7 प्राथमिक शाला भवन पश्चिम इंदौरी, नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 2 पटेल समाज सामुदायिक भवन, कक्ष क्रमांक 02, नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 6 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई और नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 11 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला, कक्ष क्रमांक 04 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।

### मतदान दलों को सुबह 7 बजे से उपस्थित होने के निर्देश



फाइल फोटो

मतदान दलों को सुबह 7 बजे से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खोला जाएगा स्ट्रांगरूम उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 78 हजार 817 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 578, महिला मतदाताओं की संख्या 40 हजार 239 है। इन सभी निकायों में 145 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका कवर्धा अंतर्गत वार्डों की संख्या 27 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 39 हजार 276 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 19 हजार 271, महिला मतदाताओं की संख्या 20 हजार 05 है। कवर्धा नगर पालिका अंतर्गत कुल 52 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 18 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 14 हजार 715 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 हजार 150, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 565 है। पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत कुल 18 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 650 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 807, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 843 है। पाण्डातराई नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 3 हजार 875 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 हजार 920, महिला मतदाताओं की संख्या 1 हजार 955 है। पिपरिया नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 731 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 425 है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 691 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 297, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 394 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत लोहारा अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 879 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 827, महिला मतदाताओं की संख्या 3 हजार 52 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है।

## नौ दिवसीय संगीत में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 14 से

■ ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों में भक्तियम का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम के बसनी में अखिल ब्रह्मांड नायक भगवान श्री बांके बिहारी व राधारानी की असीम कृपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से नौ दिवसीय संगीत में श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन ग्राम बसनी में 14 से 22 फरवरी तक आयोजन होने जा रहा है, इसमें कथा व्यास पं छवि कृष्ण पांडेय, आचार्य पं मोरध्वज पांडेय, परायणकर्ता पं कमलेश पांडेय एवं श्रीमद्भागवत कथा का मुख्य यजमान श्रीमती सीमा शिव सिंह चौहान विजराजमान होंगे। ग्राम बसनी मे नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही है वहीं ग्रामीणो व श्रद्धालुओं में भारी भक्तियम का माहौल बना हुआ है। जिस पर ग्रामीणों व क्षेत्रवासियो को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान में डूबकी व कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई। श्रीमद् भागवत कथा 2 बजे से हरि इच्छा तक आयोजित की जाएगी।



कथा व्यास

### छात्र छात्राओं ने चलाया जागरुकता अभियान

**हरिभूमि कवर्धा।** खपरी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिलेभर में मतदान अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वाणी विद्या मंदिर खपरी के छात्र-छात्राओं द्वारा दिन शनिवार को हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियॉ व मतदान के प्रति नारे लगाकर लोगो को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया हाथ में तख्तियॉ लेकर चल रहे थे। जिनमें पहले मतदान फिर जलपान वोट की कीमत कभी नहीं लेंगे लेकिन वोट जरूर देंगे हर वोट कीमती है वोट देने की सबको विनती है नागरिकों की पहचान सबसे पहले मत का दान रिश्ते नाते खूब निभाओं पहले मतदान कर आओं अंतर्मन से वोट देना बदले में कुछ नहीं लेना है दारू लालच रूपये नोट नही लेंगे देगे मन का वोट डरने की क्या बात है पुलिस प्रशासन साथ जैसे स्लोगन के साथ स्कूली बच्चों ने जागरूकता का संदेश दिया इस दौरान वाणी विद्या मंदिर के विद्याथियों के साथ शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जैन स्थानक भवन में महत्तम शिखर महोत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पूज्य आचार्य 1008 श्री रामलाल महाराज साहब के उत्कृष्ट संयम जीवन के देदिप्यमान 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जैन स्थानक भवन में समता शाखा आयोजित की गई। इसमें साधुमार्गी जैन संघ के बहुतायत श्रावक श्राविकाओ ने भाग लिया। महामंत्र नवकार जाप, आचार्य नानेश द्वारा प्रदत्त नव सूत्र, मेरी भावना, रामेश चालीसा, संघ समर्पणा गायन के बाद साधुमार्गी महिला संघ अध्यक्ष लता बोथरा ने आचार्य श्री के गुणो का बखान करते हुए कहा की उनसे पचक्खान लेने से सरलता से तपाराधना हो जाती है।

श्रद्धा समर्पणा से अनेक समस्याओं का त्वरित हल हो जाता है। राम नाम से पत्थर भी तिर जाते हैं। अतः हमें समर्पण भाव बनाए रखना है। पूजा श्रीश्रीमाल ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा की जयचंद ने आज के ही दिन माघ सुदी बारस को अपना सर्वस्व नाना गुरु के चरणों में समर्पित हो राम मुनि नामकरण पाया था। नाना ने हमें राम दिया, सौ बार शुक्रिया शुक्रिया सुंदर गायन आर्या श्रीश्रीमाल ने प्रस्तुत किया।

अवधि, आर्या, धानी, मीमांसा, अनन्या ने भगवन मुझे बनाना परमात्मा समूह गान प्रस्तुत किया। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल ने मेरे प्राणों के आधार, वंदन हो बारंबार भजन से अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मंत्री गेन्दमल मोदी ने महत्तम महोत्सव के समापन दिवस पर आचार्य श्री के संघ समाज के प्रति अनन्य उपकारों को याद किया। सुश्रावक दिनेश श्रीश्रीमाल के बुलंद नारो ने कार्यक्रम में जोश भरा। आचार्य सम्राट 1008 डॉ शिव मुनि महाराज साहब के आज्ञानुवर्ती आगम ज्ञाता, प्रज्ञा महर्षि, नव तत्व विशेषज्ञ पू० उदय मुनि महाराज साहब का देवलोक गमन नई दिल्ली में होने का समाचार ज्ञात होने पर चार लोगस्स का ध्यान के साथ उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

### शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय खुड़िया में स्वच्छता अभियान संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक संयोजक एवं हरदिहा मरार पटेल समाज पंडरिया परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष राजेंद्र पटेल के नेतृत्व में विकासखण्ड के खुड़िया हायर सेकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वच्छता सम्बंधित विभिन्न जानकारी दिया और स्वास्थ सम्बंधित घरेलू नुस्खे के बारे में जानकारी दिया गया। जिस पर श्री चंद्रसेन ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वच्छता किसी व्यक्तिगत या जातिगत एवं किसी धर्म के लिए नहीं अपितु यह स्वच्छता सभी के लिए है यदि हम अपने जीवन को अच्छे से जीवन व्यतीत करना चाहते हैं तथा निरोग रखना चाहते हैं तो अपने शरीर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखना अतिआवश्यक है। जैसे कि व्यक्तिगत स्वच्छता, नदी स्वच्छता, तालाब स्वच्छता, विद्यालय स्वच्छता, वस्तु स्वच्छता, जल स्वच्छता, तन स्वच्छता, मन स्वच्छता इत्यादि के बारे में विद्यार्थियों को सरल और सहज रूप से बताया गया। वहीं विद्यार्थियों को बताया कि स्वच्छ तन, स्वच्छ मन, स्वच्छ विद्यालय में ही मां सरस्वती निवास करते हैं और इनके साथ-साथ आयुर्वेद सम्बंधित घरेलू नुस्खे सर्दी, खांसी, नेत्र की रोशनी, कान दर्द के कारण व निवारण के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया और विद्यार्थियों को यातायात सम्बंधित भी जानकारी दिया कि यदि हम सड़क पर पैदल या सायकल से जा रहे हैं तो अपने साइड पर चले रॉन्ग साइड पर नहीं चलना चाहिए, स्कूल या विद्यालय आते या जाते समय छात्र-छात्राएं एक साथ अत्यधिक संख्या में रोड पर नहीं चलना चाहिए, बल्कि क्रमबद्ध तरीके से रोड पर चलना चाहिए, इससे आप भी सुरक्षित रहेंगे और यात्रीगण भी सुरक्षित रहेंगे। श्री चंद्रसेन ने अपनी सौम्य वाणी से बहुत ही अच्छा सरल और सहज से ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण के कारण व नियंत्रण के बारे में बताया गया, इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पिपरिया अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस भाजपा के बीच सीधा मुकाबला

### 15 वार्ड पार्षदों के लिए 38 उम्मीदवार मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

11 फरवरी मंगलवार को नगर पंचायत पिपरिया के अध्यक्ष एवं 15 वार्ड पार्षदों के लिए यहां के 1926 महिला व 1949 पुरुष कुल 3875 मतदाता एवीएम मशीन का बटन दबाकर अपने नेताओं का चुनाव करेंगे। निर्वाचन अधिकारी प्रमोद चंद्रवंशी तहसीलदार, सहायक निर्वाचन अधिकारी योगेश्वर सिंह नेताम सीएमओ के मुताबिक यहां निर्वाचन के लिए सभी वार्डो को मिलाकर कुल 15 मतदान केंद्र इस प्रकार है। पटेल समाज भवन में वार्ड क्रमांक 1 व 2 श्रीवास सामुदायिक भवन गौघाट में वार्ड क्रमांक 3, शासकीय प्राथमिक शाला भवन में वार्ड क्रमांक 4, 6, 12 व गुप्ता समाज सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 5, कुंभकार सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 7, मल्लाह समाज भवन में वार्ड क्रमांक 8, अहिरवार समाज भवन में वार्ड क्रमांक 9 व 10, आंगनबाड़ी केंद्र साई मंदिर में वार्ड क्रमांक 11, देवांगन समाज भवन में वार्ड क्रमांक 13 व 14 तथा साहू समाज भवन में वार्ड क्रमांक 15 के मतदातागण अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



### मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित

मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। यहां प्रत्येक मतदान केंद्र में विधिवत सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने पीठासीन अधिकारी के साथ तीन अन्य मतदान अधिकारी व पुलिस बल तैनात रहेंगे। 3 अन्य दल रिजर्व में रहेंगे। ज्ञात हो कि यहां के सभी 15 वार्ड के लिए कांग्रेस व भाजपा के 15-15 उम्मीदवारों के चुनाव चिन्ह पंजा व कमल छाप है। आठ अन्य निर्दलीयों को गिलास, सिलाई मशीन, बल्ला, कटहल, कूलर, नारियल पेड़ और पानी जहाज चुनाव चिन्ह आबंटित है। यहां अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के वरिष्ठ जनपद पंचायत कवर्धा के पूर्व अध्यक्ष घुरवा राम साहू एवं कांग्रेस के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र कुंभकार चुनावी जंग में आमने-सामने हैं वहीं भाजपा के पूर्व पार्षद गणेश चंद्रवंशी असंतुष्ट भी अध्यक्ष प्रत्याशी की सूची में शामिल है उसे गिलास छाप चुनाव चिन्ह मिला है। माहौल के मद्देनजर गणेश चंद्रवंशी भाजपा प्रत्याशी घुरवा राम साहू के पक्ष में अपना प्रचार स्थगित कर दिया है। वह अपनी धर्म पत्नी सुनीता चंद्रवंशी निर्दलीय को वार्ड क्रमांक 12 से कूलर छाप पाकर विजयी बनाने प्रयासरत है। इस वार्ड में दामिनी गुप्ता कांग्रेस व संध्या देवी देवांगन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वार्ड क्रमांक 13 में कांग्रेस के सुंदर साहू पूर्व पार्षद व भाजपा के पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शत्रुहन साहू, निर्दलीय शिवकुमार साहू पानी जहाज और संतोष यादव नारियल पेड़ से चतुष्कोणीय संघर्ष में फंसे हुए हैं। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 14 महिला आरक्षित में भाजपा की असलेखिया कांग्रेस की सियाबाई और निर्दलीय सरिता चौहान नारियल पेड़ के बीच त्रिकोणीय संघर्ष है। वार्ड क्रमांक 4 में भाजपा के कमलकांत नाविक कांग्रेस के ओमप्रकाश छिपा और निर्दलीय मोहन केशरी सिलाई मशीन के बीच वार्ड क्रमांक 5 में भाजपा के संजय दानी कांग्रेस के सुभाष दानी पूर्व एल्डरमैन निर्दलीय नीरज तिवारी बल्ला चुनाव चिन्ह से और वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा की भारती नाविक कांग्रेस से मंजू भरत श्रीवास तथा सवाना बाई निषाद सिलाई मशीन चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव मैदान में है। वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 6, 7, 10 व 11 तथा 15 में क्रमशः ईश्वर पटेल कांग्रेस, शिवचरण भाजपा, सोम पटेल भाजपा, टेकराम साहू कांग्रेस, राजेंद्र गुप्ता भाजपा, रमाशंकर नाविक कांग्रेस, चित्रबाहु देवांगन भाजपा, दयालदास कांग्रेस, गुन्ना लाल अहिरवार भाजपा, लक्ष्मीनारायण सतनामी कांग्रेस, अनिल दानी कांग्रेस, प्रेमलाल साहू भाजपा, दुर्गेश साहू भाजपा, केशव साहू कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। यहां जीत हासिल करने के लिए मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में लुभाने भारी मशक्कत कर रहे हैं। नगर तथा क्षेत्रवासियों को चुनाव परिणाम जानने के 15 फरवरी तक इंतजार करना होगा। अभी यहां ऊंट किस करवट बैठेगा कहना जल्दबाजी होगी।

## जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 इंटर स्कूल प्रतिस्पर्धा आयोजित

# केवीसीओसी अकादमी टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जीती ट्रॉफी




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 इंटर स्कूल टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को केवीसीओसी अकादमी और अशोका स्कूल के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में केवीसीओसी अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 192 रनों से जीत हासिल की और प्रतियोगिता पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में टॉस जीतकर केवीसीओसी ने निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 4 विकेट खोकर कुल 251 रनों का लक्ष्य अशोका स्कूल को दिया लक्ष्य का पीछा करते हुए अशोका स्कूल की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन केवीसीओसी के गेंदबाजों ने उन्हें अच्छे खासे स्कोर तक नहीं पहुंचने दिया और केवल 59 रन पर ही अशोका स्कूल के सारे विकेट धराशाई हो गए, परिणाम स्वरूप केवीसीओसी ने 192 रनों से मैच जीत लिया।

केवीसीओसी ने मात्र 9 ओवर में अशोका स्कूल की पूरी टीम को 59 रनों पर ऑल आउट कर दिया। केवीसीओसी अकादमी ने बल्लेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया और विशाल स्कोर खड़ा किया। इस जीत के साथ ही केवीसीओसी अकादमी ने अंडर-16 इंटर स्कूल टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। केवीसीओसी की और से गिरिराज ने 4 ओवरों में 12 रन देकर 06 विकेट लिए, वहीं देवांश ने 02 व विवेक ने 01 विकेट लिया। जिसके के जवाब में टूर्नामेंट के अंत में विजेता टीम को क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह और सचिव बलबीर खनूजा विषेश रूप से उपस्थित थे।

फाइनल मैच जीतें वाले वाली टीम को 11 हजार रुपए व ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया, वही उप विजेता टीम को 5 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान किया गया। साथ ही साथ मेन ऑफ द सीरीज, वेस्ट बैट्समेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बैट्समेन, बेस्ट कीपर और प्रत्येक मैच के खिलाड़ियों को व्यतिगत पुरस्कार बांटे गए। प्रतियोगियों में क्रिकेट संघ कवर्धा के पदाधिकारी गण के अलावा नगर के खेल प्रेमी उपस्थित थे। दोनों टीमों के खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की गई।

## त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन जिले में जनपद सदस्य, सरपंच व पंच पद के लिए 3594 निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 3594 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें जनपद सदस्य के 02, सरपंच के 18 और पंच पद के लिए 3574 शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने निर्विरोध निर्वाचन को लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती और समन्वय की मिसाल बताते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निर्विरोध निर्वाचन से पंचायतों में आपसी सहयोग और सौहाद्र का परिचय मिलता है।

साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और समृद्ध एवं सशक्त पंचायत प्रणाली के निर्माण में योगदान दें। श्री वर्मा ने बताया कि कि जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत 773 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें जनपद सदस्य के 01, सरपंच के 03 और पंच पद के लिए 769 है। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत 819 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें जनपद सदस्य के 01, सरपंच के 03 और पंच पद के लिए 815 है। जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत 1031 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें सरपंच के 03 और पंच पद के लिए 1028 है। जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत 971 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें सरपंच के 9 और पंच पद के लिए 962 है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में दो या दो से अधिक अभ्यर्थी सविरोध निर्वाचन की स्थिति 3149 स्थानों पर है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 14 पद पर सविरोध निर्वाचन होगा। जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत कुल 764 पद, जनपद सदस्य के 25, सरपंच के 102 और पंच पद के लिए 637 है। जनपद पंचायत सहसपुर अंतर्गत कुल 575 पद इनमें जनपद सदस्य के 24, सरपंच के 93 और पंच पद के लिए 458 है। जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 693 पद इनमें जनपद सदस्य के 25, सरपंच के 119 और पंच पद के लिए 549 है। जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत कुल 1103 पद इनमें जनपद सदस्य के 25, सरपंच के 132 और पंच पद के लिए 946 है।